प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक- 04.04.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस कार्यालय, महोबा में जनसुनवाई कर जनसामान्य की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा सम्बन्धित को समस्या निस्तारण हेतु जरिये दूरभाष दिये गये आवश्यक निर्देश।

जनपद महोबा में पीड़ित/शिकायतकर्ता की समस्याओं के समुचित एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु श्रीमती अपर्णा गुप्ता,पुलिस अधीक्षक, जनपद महोबा द्वारा पुलिस कार्यालय, महोबा में जनसुनवाई की जा रही है, जनता की समस्याओं के समाधान के क्रम में आज दिनांक 04.04.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा फरियादियों/जनसामान्य की समस्याओं एवं समस्याओं को एक-एक करके गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा जनता की समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए सम्बन्धित को मौके पर जरिये दूरभाष आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्बन्धित को आदेशित किया गया कि मौके पर जाकर शिकायतों की तत्काल, निष्पक्ष व न्यायोचित जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करें, लापरवाही की सूचना पर सम्बन्धित के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की चेतावनी प्रदान की गयी साथ ही शिकायतकर्ता से समय-समय पर जनसामान्य की समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में फीडबैक लिये जाने सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।






प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक- 04.04.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन पर आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत थाना पनवाड़ी के विभिन्न संवेदनशील मतदान केन्द्र/मतदेय स्थलों में फ्लैग मार्च/एरिया डोमिनेशन किया गया।

## क्षेत्र में भयमुक्त माहौल बनाते हुए लोकतंत्र के महापर्व में मतदान के लिये किया गया जागरुक।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में क्षेत्र में आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु की जा रही कार्यवाही के साथ-साथ जनपद में पारदर्शी, निष्पक्ष और शातिपूर्वक चुनाव सम्पन्न कराने के उद्देश्य से निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आदर्श आचार संहिता का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित कराये जाने तथा अवांछनीय गतिविधियों की रोकथाम तथा क्षेत्र में सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने के क्रम में आज दिनांक 04.04.2024 को थाना पनवाड़ी पुलिस टीम द्वारा वाह्य राज्य से प्राप्त असम पुलिस बल के साथ थाना क्षेत्रअन्तर्गत विभिन्न संवेदशील मोहल्लो/ग्रामों, वल्नरेबिल/क्रिटिकल ग्रामों/मतदेय स्थलों में संयुक्त रुप से फ्लैगमार्च कर चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।

इस दौरान थानाक्षेत्र की जनता से संवाद स्थापित कर आगामी लोकसभा चुनाव के सम्बंध मे मा0 निर्वाचन आयोग के आदेशों-निर्देशों से अवगत कराया गया तथा क्षेत्र में भयमुक्त माहौल बनाते हुए लोकतंत्र के महापर्व में जनता से निर्भीक होकर निष्पक्ष मतदान करने की अपील की गई।





## ◈पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट बैरियर का औचक निरीक्षण कर सीमा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।

## ◈बैरियर चेक पोस्ट पर लगी ड्यूटी को चैक/ब्रीफ कर सीमा क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की सघन चेकिंग करायी गयी, सतर्कता एवं सुरक्षा के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

जनपद महोबा में लोकतंत्र चुनाव के पर्व में किसी प्रकार से कोई अराजकतत्व व्यवधान न पैदा करने पाये इसके लिये पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता द्वारा जनपद महोबा के प्रत्येक इन्ट्री प्वाइंट में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। जनपद महोबा को मिली सीएपीएफ की 02 कम्पनियां विभिन्न संवेदनशील स्थानों में जनपदीय पुलिस बल के साथ लगातार भ्रमणशील हैं।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता द्वारा आज दिनांक 04.04.2024 को क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे व थाना कोतवाली नगर महोबा की भारी पुलिस बल के साथ उ.प्र. एवं म.प्र. की सीमा पर स्थापित अन्तर्राज्यीय चेक पोस्ट बैरियर-पठा बैरियर थाना कोतवाली महोबा का औचक निरीक्षण करते हुए सीमा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा बैरियर चेक पोस्ट पर लगी ड्यूटी को चैक/ब्रीफ कर सीमा क्षेत्र में सतर्कता एवं सुरक्षा के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। मध्य प्रदेश सीमा से जनपद महोबा में प्रवेश करने वाले संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की सघन चेकिंग करायी गयी, चेकिंग के दौरान सीमावर्ती क्षेत्र में महोबा पुलिस की चाक-चौबन्द सुरक्षा का विश्वास दिलाया गया।



## "परिवार परामर्श केन्द्र"

## कमेटी ने 03 परिवारों को बिखरने से बचाया-

आज दिनांक 04.04.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक जनपद महोबा के निर्देशन पर पुलिस लाइन अवस्थित सभाकक्ष में "परिवार परामर्श केन्द्र" कार्यक्रम का आयोजन प्रभारी महिला थाना सुषमा चौधरी की अध्यक्षता में समस्त सदस्यगणों की उपस्थिति में आयोजित किया गया, जिसमें पारिवारिक विवाद वाले 06 मामलों को सुना गया, जिसमें परिवार परामर्श के सदस्यों की सूझबूझ से पति-पत्नी से संबंधित पारिवारिक विवादों को काउंसलर के द्वारा शिकायतकर्ता व विपक्षीगणों को सुनकर काउंसलिंग की गई, काउंसलिंग के फलस्वरूप 03 दाम्पत्य जोड़ा आपसी मतभेद दूर कर एक साथ रहने को राजी हुए। अन्य मामलें में अगली तारीख दी गई।

इस परिवार परामर्श के दौरान म0कां0 रेखा देवी, म0का0 अनामिका देवी, म0का0 प्रगति सिंह, श्रीमती डॉ0 विभा पुरवार, श्रीमती नीतू पालीवाल, प0 नेहा चंसौरिया, श्री रामजी गुप्ता, श्री सुरेश चन्द्र जायसवाल, श्री शिवकुमार गोस्वामी आदि सम्मानित सदस्यगणों की मौजूदगी सराहनीय रही।



**ई-कॉमर्स कम्पनी के करोड़ो रुपयों की धोखा-धड़ी/हेराफेरी कर धनअर्जित करने वाले 05 नफर शातिर जालसाज अभियुक्तों को थाना कोतवाली नगर महोबा एवं जनपदीय स्वॉट/सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया। अभियुक्तों के कब्जे से जालसाजी के 216 अदद स्मार्ट टीवी, 06 अदद एसी, 04 अदद वाशिंग मशीन सहित घटना में प्रयुक्त 240 सिम कार्ड, 24 अदद मोबाइल व 01 अदद लैपटॉप कीमत करीब 01 करोड़ 50 लाख रु. बरामद-**

जनपद महोबा में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता द्वारा जनपदीय पुलिस टीमों को एलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिये गये हैं, जिसके क्रम में जनपदीय पुलिस टीमें अपने-अपने क्षेत्रों में सूचना तंत्र को विकसित कर रही हैं व अपराधियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध प्रभावी ताबड़तोड़ कार्यवाही कर रही हैं।

- इसी क्रम में दिनांक **01.04.2024** को थाना कोतवाली नगर महोबा में बीट सूचना अंकित करायी गयी जिसमें अंकित किया गयाकि कुछ लोग चोरी का/आनलाईन खरीद फरोख्त में फ्राड करके टीवी मोबाइल इत्यादि का माल इकट्ठा कर बेंचकर धन इकट्ठा करते हैं जो कि महोबा शहर में सक्रिय रूप से क्रियाशील हैं इस सूचना पर थाना कोतवाली नगर महोबा की पुलिस टीम सक्रिय हुई व उच्चाधिकारियों को सूचित कर अभियुक्तों के चिन्हाकन हेतु मुखबिर तंत्र को विकसित किया गया।
- घटना के सफल अनावरण हेतु पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन पर अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यम् व क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक **04.04.2024** को थाना कोतवाली नगर महोबा व जनपदीय स्वॉट की संयुक्त पुलिसटीमों ने **05** नफर शातिर जालसाज अभियुक्त जिनके द्वारा विभिन्न ई-कॉमर्स कम्पनियों यथा- अमेजन, फ्लिपकार्ट इत्यादि से के करोड़ो रुपयों की धोखा-धड़ी/हेराफेरी कर धनअर्जित किया जाता था ऐसे अभियुक्तों को घटना स्थल भिन्न-भिन्न व बरामदगी स्थल रामकथा मार्ग, ग्राम मझलवारा से नियमानुसार गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी में उ**0**नि**0** सुजीत कुमार जायसवाल चौकी प्रभारी सुभाष थाना कोतवाली नगर महोबा का विशेष योगदान रहा है।
- अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना कोतवाली नगर महोबा में मु**0**अ**0**सं**0 190/24** धारा **406/419/420/467/468/471/411** भा.द.वि. का अभियोग पंजीकृत किया गया व गिरफ्तार अभियुक्तों को मा**0** न्यायालय के समक्ष पेश करने हेतु भेजा जा रहा है।

**पूछताछ का विवरण-**

गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि हम लोग काफी समय से ई-कॉमर्स वेबसाइट पर जाकर फर्जी नाम पतों से आनलाइन एकाउण्ट बनाते हैं, फिर इन्ही एकाउण्ट का प्रयोग कर विभिन्न प्रकार के महंगे डिजिटल सामग्री यथा- टीवी, एसी, वाशिंग मशीन इत्यादि की खरीदारी की जाती थी। जब हमारे द्वारा किया गया आर्डर हमे प्राप्त हो जाता था तो फिर हम लोग इनको तकनीकी खराबी बताकर आर्डर को रद्द कर देते थे। इस प्रकार रद्द किये गये आर्डर का मूल्य हम लोग के खातों में क्रेडिट हो जाता था। इस कार्य में हम लोग प्री-एक्टीवेटेड सिम व फर्जी ई-मेल आई.डी. का प्रयोग करते थे। आज हम सब लोग मिलकर इन सभी डिजिटल सामग्री को आपस में बांटने के लिये बैठे थे कि आप लोगों ने पकड़ लिया।

## गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-

**1.**उमाशंकर पुत्र स्व**0** रामकेश उम्र करीब **22** वर्ष नि**0** ग्रा**0** बम्हौरी बेलदारन थाना चरखारी जनपद महोबा
**2.** अजयपाल पुत्र पन्नालाल नि**0** ग्रा**0** नौसारा थाना चरखारी जनपद महोबा
**3.** लवकेश विश्वकर्मा पुत्र नारायणदास उम्र करीब **30** वर्ष नि**0** ग्रा**0** बनियाताला रैपुरा कला थाना कोतवाली नगर महोबा
**4.** आकाश अहिरवार पुत्र प्रकाश अहिरवार उम्र करीब **19** वर्ष नि**0** ग्रा**0** बम्हौरी खुर्द थाना चरखारी जनपद महोबा
**5.** रविन्द्र पुत्र मकुन्द लाल गुप्ता उम्र करीब **30** वर्ष नि**0** ग्रा**0** मझलवारा थाना कोतवाली नगर महोबा

## बरामदगी का विवरण-

1. **216** अदद एलईडी टीवी अलग अलग कम्पनी व अलग अलग साइज
2. **06** अदद ए.सी. अलग अलग कम्पनी
3. **04** अदद वांशिग मशीन सैमसंग कम्पनी
4. **01** अदद लैपटाप लिनोवो माडल योगा
5. **17** अदद स्मार्ट फोन व **7** अदद की पैड फोन
6. **01** अदद थम्म मशीन
7. कुल **240** सिम कार्ड जिसमें **94** अदद सिम अलग अलग धारक चिट बन्दी युक्त व **94** सिम व **52** जिओ सिम के रैपर

## गिरफ्तार करने वाली संयुक्त पुलिस टीम का विवरण-

- थाना कोतवाली नगर महोबा की पुलिस टीम-

1. श्री नरेन्द्र प्रताप सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर महोबा।
2. उ**0**नि**0** सुजीत कुमार जायसवाल प्रभारी चौकी सुभाष थाना कोतवाली नगर जिला महोबा
3. उ**0**नि**0** सत्यवेन्द्र सिंह भदौरिया प्रभारी चौकी भटीपुरा थाना कोतवाली नगर जिला महोबा
4. उ**0**नि**0** देवेन्द्र ओझा प्रभारी चौकी बजरिया थाना कोतवाली नगर जिला महोबा
5. हे**0**का**0** रावेन्द्र सोनकर **6.** कां**0** अजय कुमार मिश्रा **7.** कां**0** लोकेन्द्र प्रताप सिंह **8.** कां**0** भास्कर यादव
9. कां**0** धर्वेन्द्र यादव **10.** का**0** दीपेश कुमार यादव **11.** कां**0** हरीओम

- स्वाट/सर्विलान्स टीमः

**1.**उ**0**नि**0** रवि कुमार सिंह प्रभारी स्वाट/सर्विलान्स **2.**उ**0**नि**0** विवेक यादव सर्विलान्स सेल**3.**हे**0**कां**0**भूपेन्द्र सिंह
**4.**कां**0** सत्यम **5.**कां**0** रंजीत **6.**कां**0**आशीष बघेल